पत्र सूचना कार्यालय
मानव संसाधन विकास मंत्रालय
*****

नई दिल्ली, 17 जून 2019

केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री डॉ. रमेश पोखरियाल 'निशंक' और मानव संसाधन विकास राज्य मंत्री श्री संजय धोत्रे ने आज लोकसभा में लोकसभा सदस्य के रूप में पद की शपथ ली

दोनों मंत्रियों ने मंत्रालय के सचिवों, संयुक्त सचिवों एवं अन्य अधिकारियों से स्वयं उनके कक्ष में जाकर मुलाकात की

सबसे पहली स्वच्छता, फाइल्स को समय पर निस्तारित करना - डॉ. रमेश पोखरियाल 'निशंक'

केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री डॉ. रमेश पोखरियाल 'निशंक' और मानव संसाधन विकास राज्य मंत्री श्री संजय धोत्रे ने आज लोकसभा में लोकसभा सदस्य के रूप में पद की शपथ ली। शपथ ग्रहण करने के पश्चात केंद्रीय मानव संसाधन मंत्री शास्त्री भवन स्थित अपने मंत्रालय के सचिवों,संयुक्त सचिवों एवं अन्य अधिकारियों से स्वयं उनके कक्ष में जाकर मिले एवं उन्हें गुलाब का फूल भेंट किया। मंत्री जी ने उनके वर्तमान प्रभार एवं दायित्वों के बारे में जानकारी ली एवं उन्हें भावी दायित्वों के निर्वहन के लिए शुभकामनाएं दी। मानव संसाधन विकास राज्य मंत्री श्री संजय धोत्रे भी केंद्रीय मंत्री के साथ रहे एवं अधिकारियों को शुभकामनाएं दी।

डॉ. निशंक ने अपनी इस अनौपचारिक भेंट में अधिकारियों के कक्ष की स्वच्छता एवं साज सज्जा का भी जायजा लिया। केंद्रीय मंत्री ने अधिकारियों को कहा कि प्रधान मंत्री जी के स्वच्छ भारत मिशन को आत्मसात करते हुए हमें फाइल्स को ज्यादा देर के लिए मेज़ पर नहीं पड़े देने रहना चाहिए। सबसे पहली स्वच्छता, फाइल्स को समय पर निस्तारित करना ही है।

डॉ. निशंक ने स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता सचिव श्रीमती रीना रे के कक्ष में लगी हुई स्कूल चले हम की विषय वस्तु पर आधारित मधुबनी, गोंड और पिथोरा पेंटिंग्स को देखा एवं उसकी रचनात्मकता एवं सारगर्भिता की भूरि भूरि प्रसंशा की।

डॉ. निशंक ने उच्च शिक्षा सचिव श्री आर. सुब्रह्मण्यम के कक्ष के हरित वातवरण एवं सौम्य साज सज्जा की भी तारीफ की।

केंद्रीय मंत्री ने स्कूल शिक्षा के संयुक्त सचिव श्री आर. सी. मीना के कक्ष में उनके द्वारा विकसित किचन गार्डन की भी सराहना की।
डॉ. निशंक ने सुझाव दिया कि मंत्रालय की साज सज्जा की विषय वस्तु शिक्षा पर आधारित होनी चाहिए इसके लिए मंत्री जी ने अधिकारियों को कहा कि मंत्रालय के अधीन आने वाले सभी संस्थानों को निर्देश दिए जाए कि वो अपनी उपलब्धियों को दर्शाती हुई कोई पेंटिंग या कलाकृति भेजे जिससे अन्य विभाग भी प्रेरित हो सके।

डॉ. निशंक ने भेंट के दौरान अधिकारियों से कहा कि कार्य के निष्पादन के दौरान मानसिक शांति का होना अत्यावश्यक है इसलिए काम का जरूरत से ज्यादा बोझ ना ले, अवसादग्रस्त होने से बचे एवं इसके लिए नियमित रूप से योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करें तभी अच्छे परिणाम प्राप्त हो सकेंगे।

केंद्रीय मंत्री अधिकारियों के साथ साथ कई विभागों एवं अनुभागों के कर्मचारियों से भी मिले एवं उनके कार्यों के बारे में जानकारी ली।

*****

नाभ/अकुजै/आक